# आकाशवाणी शिमला
## 06.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

### मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश के 5 मेडिकल कॉलेजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा तकनीक से किया जाएगा लैस।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आपदा से निपटने के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण की आवश्यकता पर दिया बल।
- संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर देशभर में दी गई श्रद्धांजलि।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा–11 दिसम्बर को मंडी में होने वाली रैली से होगा मिशन रिपीट का आगाज।

### मुख्यमंत्री–आईजीएमसी

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के 5 मेडिकल कॉलजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा तकनीक से लैस किया जाएगा। आई.जी.एम.सी. शिमला में आज केन्द्रीय छात्र संघ द्वारा आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार डायग्नोस्टिक सेवाओं में विश्वस्तरीय गुणवत्ता लाना चाहती है ताकि मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि चमियाणा संस्थान आई.जी.एम.सी. और टांडा मेडिकल कॉलेज में स्मार्ट लैब स्थापित करने के लिए 75 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास और विस्तार पर 3 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे छात्रों और चिकित्सकों को सम्मानित भी किया।

### गृह रक्षा

इस बीच एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निशमन विभाग में महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा और इसके लिए भर्ती नियमों में जरूरी बदलाव किए जाएंगे। शिमला के समीप सरघीण में प्रदेश गृह रक्षा व नागरिक सुरक्षा के स्थापना दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही होमगार्ड की भी भर्ती की जाएगी और सरकार गृह रक्षा व नागरिक सुरक्षा विभाग को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने विभाग के कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश की सुरक्षा और निर्माण में उनका उल्लेखनीय योगदान है। ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे।

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आपदा से निपटने के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। राज्यपाल आज राजभवन शिमला में उनसे मिलने आए प्रदेश रैडक्रॉस और भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों से भेंट के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान सदस्यों ने राज्यपाल को राज्य रेडक्रॉस भवन में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की जानकारी दी। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि ऐसी प्रशिक्षण कार्यशालाएं क्षमता निर्माण और आपदाओं से निपटने के लिए बेहतर तैयारियों सहित समन्वय स्थापित करने में अहम भूमिका निभाती है।

### आम्बेडकर

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की पुण्य तिथि आज महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर देश भर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला स्थित राजभवन में एक कार्यक्रम में डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आम्बेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की मज़बूत नींव रखी जो आने वाली पीढ़ियों का निरंतर मार्गदर्शन करती रहेगी।

**पुण्य तिथि**

दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के चौड़ा मैदान स्थित डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर को न केवल देश बल्कि विदेशों में भी बेहद सम्मान के साथ याद किया जाता है।

इस बीच राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर आम्बेडकर का पूरा जीवन सामाजिक उत्थान, समानता, श्रमिक कल्याण और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा जो आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है।

**सम्मेलन**

राज्य सरकार का तीन वर्ष के कार्यकाल पूरा होने का उपलक्ष्य में मण्डी में 11 दिसंबर को जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज मण्डी में इस सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से सरकार के आगामी दो वर्षों के कार्यकाल का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश को आत्मनिर्भर और सबसे समृद्ध राज्य बनाने के दृष्टिगत आगामी रूप रेखा भी प्रस्तुत की जाएगी।

**विनय कुमार**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि 11 दिसंबर को सरकार मंडी में भव्य रैली का आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि इस रैली में कांग्रेस विचार धारा के लोग काफी संख्या में जुटेंगे।

शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से कांग्रेस पार्टी द्वारा मिशन रिपीट का आगाज किया जाएगा। कांग्रेस संगठन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी लोगों के साथ तालमेल बिठाया जाएगा। विनय कुमार ने फिलहाल पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना से भी इनकार किया है।

**धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में सतत विकास के लक्ष्य के साथ–साथ सुनियोजित शहरीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वे आज कांगड़ा जिले में ज्वालामुखी के भाट्टी में हिमुडा कॉलोनी के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। इस हिमुडा कॉलोनी में आधुनिक सुविधाओं से लैस एक सौ 30 प्लॉट तैयार किए गए हैं। धर्माणी ने कहा कि हिमुडा लोगों को किफायती और बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रहा है।

**श्रम संहिता– एमएसएमई**

केन्द्र सरकार ने बीते 15 नवंबर को नई श्रम संहिताएं लागू की हैं। इन संहिताओं से भारत के श्रमिकों की आजीविका में स्थिरता आएगी। आज हम बता रहे हैं कि कैसे नए सुधार देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उधम क्षेत्र को सीधे लाभ प्रदान कर रहे हैं। पेश है ये रिपोर्ट–––

**नए श्रम सुधारों के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई को अब और अधिक आसान अनुपालन प्रणाली का लाभ मिल रहा है। यह सुधार यह पक्का करते हैं कि किसी भी कर्मचारी को न्यूनतम वेतन से कम वेतन न मिले और अधिक समय तक का वेतन नियमित दर से कम से कम दोगुने दिया जाए। यह कानून सामाजिक सुरक्षा कवरेज का भी विस्तार करते हैं, जिससे छोटे उद्योगों के श्रमिकों को बीमा, मातृत्व लाभ, पेंशन और अन्य कल्याण योजना का लाभ मिल सके। नये श्रम सुधार बेहतर कर्मचारी कल्याण लाते हैं जो भारत के आर्थिक विकास को आगे बढ़ने में एमएसएमई क्षेत्र की भूमिका को सहायता देता है।**

**<u>मुख्य समाचार एक बार फिर :-</u>**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा—प्रदेश के 5 मेडिकल कॉलेजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा तकनीक से किया जाएगा लैस।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आपदा से निपटने के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण की आवश्यकता पर दिया बल।
- संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर देशभर में दी गई श्रद्धांजलि।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा—11 दिसम्बर को मंडी में होने वाली रैली से होगा मिशन रिपीट का आगाज।